an>

Title: Regarding mob lynching incident at Barmer, Rajasthan.

**श्री ओम बिरला (कोटा) :** महोदया, बाड़मेर जिले के अंदर जनजाति के एक युवक खेताराम की एक समुदाय विशेष के द्वारा लाठियों से पीट-पीटकर नृशंस हत्या कर दी गई। सरकार कार्रवाई कर रही है। अलवर की घटना की भी सरकार ने न्यायिक जाँच आयोग बिठाकर जाँच की है। जिस तरह से कांग्रेस जाति और धर्म के आधार पर देश को बाँटना चाहती है, हमारा आपसे निवेदन है कि नृशंस हत्या बाड़मेर में भी हुई है, हत्या अलवर में भी हुई है, लेकिन कांग्रेस जिस तरह से संवेदनहीन हो चुकी है, यह देश के हित में नहीं है।

**माननीय अध्यक्ष :**

श्री शरद त्रिपाठी,

श्री सुमेधानन्द सरस्वती,

श्री हरिओम सिंह राठौड़,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

डॉ. मनोज रजोरिया और

श्री भैंरो प्रसाद मिश्र को श्री ओम बिरला जी के विषय के साथ समबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनन्तकुमार) :** महोदया, जगह-जगह पर यानी बंगाल में, केरल में, राजस्थान में जो ऐसी लिंचिंग और नरसंहार की घटनाएं हुई हैं, सामूहिक हत्या की घटनाएं हुई हैं, जो विषय किरीट सोमैया जी और माननीय ओम बिरला जी ने उठाया है, इन सारे इश्यूज को मैं माननीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह जी के संज्ञान में लेकर आऊँगा।…(व्यवधान)

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): It is absolutely bogus, Mr. Minister.The Minister is actually misleading the House. Hon. Speaker Madam, don’t look to him; look to our side. ऐसा नहीं बोलना चाहिए। … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: He has not said anything. He will tell it to the Minister of Home Affairs; that is all.